
राजकीय मीरा कन्या
उदयपुर

लिए रैली निकाली ।

## एलुमनी मीरा सोसायटी (पूर्व छात्रा परिषद्)

महाविद्यालय की संस्कृति एवं मूल्यों का पर्याय ''एलुमनी मीरा सोसायटी'' अर्थात 'पूर्व छात्रा परिषद' एक रजिस्टर्ड सोसायटी है। सोसायटी एक्ट के अन्तर्गत 19.10.2004 में इसका रजिस्ट्रेशन हुआ। इसका मुख्य उद्‌देश्य महाविद्यालय तथा वर्तमान में अध्यननरत छात्राओं के हित मे कार्य करना है। वर्तमान में एलुमनी मीरा की कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ मंजु बारुपाल, सचिव डॉ सविता चाहर, सहसचिव डॉ रजिया जबीन तथा कोषाध्यक्ष डॉ भावना हींगड हैं।

एलुमनी मीरा सोसायटी ने सत्र 2022–23 में व्याख्यान, कार्यशाला, नवीनीकरण कार्य, प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा संस्था के तत्त्वावधान में महाविद्यालय की छात्राओं के उपयोग हेतु समय समय पर पंखे, विजिटिंग चेयर्स, स्टील के रैलिगं, उच्च क्वालिटी के फलदार पौधें दानदाताओ के सहयोग से भेंट किए।

एलुमनी मीरा के तत्त्वावधान मे दिनांक 29.07.2022 को डॉ. मन्जू बारुपाल, अध्यक्ष एलुमनी तथा सहआचार्य, अंग्रेजी के सौजन्य से 5420 रुपये मूल्य के दो पंखे महाविद्यालय पोर्च में लगवाए गए।

दिनांक 01.08.2022 को एलुमनी मीरा सोसायटी तथा उ़द्यान विकास समिति के तत्त्वावधान में महाविद्यालय परिसर मे फलदार, औषधीय एवं फूलदार पौधें लगाये तथा दो वर्ष तक उनके रखरखाव की जिम्मेदारी ली ।

दिनांक 16.09.2022 को एलुमनी मीरा सोसायटी के तत्त्वावधान में डॉ. सविता चाहर, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष के सौजन्य से वनस्पति शास्त्र की प्रयोगशाला (M.Sc. Previous Botany Lab) में पाँच हजार दो सौ साठ रुपये (5,260.00 रुपये) मूल्य की लागत से छत के दो पंखे (Ceiling fans) छात्रा हित में लगवाए गए।

एलुमनी मीरा सोसायटी द्वारा महाविद्यालय के पोर्च की नीचे वाली सीढ़ियों के दोनों तरफ स्टील की रेलिंग 16,000/– रूपये (सोलह हजार रुपये) में लगवायी। इसी प्रकार महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में आठ एल.ई.डी लाइट्स (11900/–) ग्यारह हजार नौ सौ रुपये में लगवायी गयीं।

रेलिंग निर्माण में डॉ. कोकिला गोयल, श्रीमती नीलम सिंघल, डॉ. इन्दुबाला सोनी, डॉ. जे.एच. बोहरा, डॉ. ताहिरा बानो, डॉ. मंजु त्रिपाठी, डॉ. भावना आचार्य तथा डॉ. राजकुमार बोल्या ने क्रमशः 5100, 1100,

2100, 2000, 2100, 1500, 1100 व 1000 रूपयें राशि की सहायता प्रदान की।

उपर्युक्त दोनों का उद्घाटन दिनांक 20.09.2022 को महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. नीलम सिंघल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ मन्जु बारूपाल, अध्यक्ष, डॉ. सविता चाहर, सचिव, संकाय सदस्य उपस्थित थे।

इसी प्रकार एल.ई.डी. लाईट्स के लिये डॉ. सरिता कुमावत ने 5000 रूपये, डॉ. आभा गुप्ता ने रूपये 5000/–, डॉ. शशि देपाल ने 2000/– रूपयें, की सहायता राशि प्रदान की।

एलुमनी मीरा सोसायटी तथा International school of Designing (INSD) के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 23.09.2022 को ''Fasion designing, Interior Designing and Graphics Designing" विषय पर 'एक Talk show" का आयोजन किया गया इसमें रोटरी क्लब की तरफ श्रीमती तारीका भानु प्रताप ने छात्राओं कर मार्गदर्शन दिया।

दिनांक 29.10.2022 को एलुमनी मीरा सोसायटी का स्थापना दिवस सोत्साह मनाया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती फतह कुँवर सनाढ्य थी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि बोहरा, निदेशक वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान थीं। सभी अतिथियों के यथोचित के स्वागत के उपरान्त मुख्य अतिथि फतह कुंवर सनाढ्य ने 'संस्था गीत' का मधुर गायन किया।

मीरा अलुमनी की सचिव डॉ. सविता चाहर ने एलुमनी सोसायटी के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष डॉ भावना हींगड़ ने आय–व्यय का ब्यौरा दिया। इस अवसर पर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले बारह सदस्यों तथा 32 नये सदस्यों का स्वागत किया गया। सदस्यों ने फैशन शो एवम् रैम्प वॉक का भी लुत्फ उठाया।

दिनांक 18.01.2023 को पौधारोपण का एक कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में उच्चतम श्रेणी के अनार के बारह पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया ने अनार का पौधा लगाकर किया। तत्पश्चात संकाय सदस्यों, एलुमनी मीरा सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मन्जू बारूपाल, सचिव डॉ. सविता चाहर, वरिष्ठ सदस्य डॉ. जे.एच. बोहरा, डॉ. अन्जना गौतम, डॉ रजिया जबीन, डॉ भावना हींगड़, डॉ. नदीम चिश्ती तथा डॉ. स्नेहा बाबेल ने पौधे लगाए। लगभग तीन हजार रुपये मूल्य के ये पौधे डॉ. जूजर हुसैन बोहरा, विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र के सौजन्य से प्राप्त हुए।

गणतन्त्र दिवस एवम् बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर एलुमनी मीरा सोसायटी एवं महाविद्यालय की उद्यान विकास एवम् हरित परिसर समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में महाविद्यालय की सरस्वती वाटिका का नवीनीकरण (जीर्णोद्धार) करवाया गया। जिसके अन्तर्गत लोहे की नयी सीढ़ी (जमीन से लेकर मूर्ति तक) लगवायी गयी। इसी प्रकार माँ सरस्वती की मूर्ति, पानी का कुण्ड, ऊपर गुम्बद, नयी सीढी पर कलर करवाया गया। इन सभी कार्यों पर इक्कीस हजार रुपये (21,000/–) व्यय हुए।

इस कार्य के लिये महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया ने 3100/– रू., एलुमनी अध्यक्ष डॉ. मन्जू बारूपाल ने 2100/– रू., सचिव डॉ. सविता चाहर ने 2100/– रू., महासचिव डॉ. रजिया जबीन ने 2100/– रुपये, शिवे शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी ने 2100/– रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

दिनांक 01.02.2023 को एलुमनी मीरा सोसायटी के तत्त्वावधान में फोटोग्राफी प्रशिक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक राजस्थान पत्रिका के वरिष्ठ फोटो पत्रकार, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री राकेश शर्मा ''राजदीप'' थे। इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला में फोटोग्राफी पर आधारित प्रतियोगिता भी कराई गयी तथा विजेता छात्राओं

को पुरस्कार भी दिये गये।

दिनांक 14.02.2023 को एलुमनी मीरा सोसायटी के तत्वावधान में महिला बन्दियों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों की एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी ५तज व सिपअपदह० की शिक्षिकाओं श्रीमती इन्द्रा तलरेजा तथा राधिका सोमानी द्वारा आयोजित की गयी। इनका मुख्य उद्देश्य महिला बन्दियों के जीवन को समुचित दिशा प्रदान करना है। इस प्रदर्शनी में संकाय सदस्यों तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक खरीददारी की। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. मीना बया, एलुमनी अध्यक्ष डॉ. मन्जू बारुपाल, सचिव डॉ. सविता चाहर, सहसचिव डॉ. रजिया जबीन, सहसचिव डॉ. सुनीता आर्य ने फीता काटकर किया।

दिनांक 03.03.2023 को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के सामान्य छात्रावास में 14,0000/– की लागत की दो थ्री सीटर विजिटिंग चेयर्स एलुमनी मीरा सचिव एवम् विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र के सौजन्य से लगायी गयीं।

इस अवसर पर डॉ. इन्दुबाला सोनी, रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर बॉटनी ने छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की। प्राचार्य डॉ. मीना बया के संरक्षण में एलुमनी मीरा कार्याकारिणी के सभी सदस्यों ने दूरदृष्टि रखते हुए महाविद्यालय के सौन्दर्यीकरण तथा संसाधनों में वृद्धि करने के साथ छात्राओं, संकाय सदस्यों तथा संस्था के हित में उल्लेखनीय कार्य किए।


मीरा एल्यूमिनी
(पूर्व छात्र परिषद)

